JALAUN POLICE

सराहनीय कार्य

दिनांक – 21.05.2026

जनपद जालौन पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन दहन' अभियान के अन्तर्गत मादक पदार्थो से सम्बन्धित 68 मुकदमों में बरामद 843.59 किलोग्राम (अनुमानित कीमत लगभग 05 करोड 47 लाख 32 हजार 480 रुपये) मादक पदार्थों को मान0 न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशन में चलाये जा रहे "ऑपरेशन दहन" अभियान के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर पुलिस महानिदेशक महोदय, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के पर्यवेक्षण में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में जनपद जालौन के थानों में लम्बित मालों के निस्तारण हेतु आज दिनांक 21.05.2026 को जनपद स्तर पर गठित ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में जनपद जालौन के विभिन्न थानों के अभियोगों में बरामद 843.59 किलोग्राम मादक पदार्थ को राजकीय मेडिकल कालेज उरई जनपद जालौन की इन्सिनेरेटर(भट्टी) में विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

विनष्टीकरण किये गये मादक पदार्थों का विवरण-

1. गांजा- 842.014 किलोग्राम
2. चरस- 570 ग्राम
3. डायजाफाम- 430 ग्राम
4. स्मैक- 331.36 ग्राम
5. नशीला पाउडर- 215.26 ग्राम